प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 07.04.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के आज दस वर्ष पूरे हो गए। वित्तीय समावेशन को सुगम और उद्यमियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से गैर–कॉर्पोरेट, गैर–कृषि लघु और सूक्ष्म उद्यमों को दस लाख रुपये तक के जमानत–मुक्त ऋण प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2015 में इस योजना की शुरुआत की थी। इस योजना का लाभ लेकर झारखंड में कई लोगों ने अपने उद्यम शुरु किये हैं और आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

*******************

रांची के मांडर प्रखंड मुख्यालय में आज राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्ट फोन का वितरण किया। इस दौरान मंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्मार्ट फोन मिल जाने से उनके कार्य अधिक सरल और प्रभावी हो पायेंगे।

*******************

बोकारो जिले में विश्व हिंदू परिषद द्वारा प्रबुद्ध जन गोष्ठी – राष्ट्र किस ओर, का आयोजन किया गया। नया मोड़ स्थित बिरसा आश्रम में आयोजित गोष्ठी में विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय महामंत्री मिलिंद पांडे ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि देश के समक्ष कई चुनौतियां हैं, जिससे झारखंड भी अछूता नहीं है। झारखंड में मतांतर और घुसपैठ गंभीर समस्या है।

*******************

केंद्र सरकार ने मनरेगा में काम करने वालों की मजदूरी बढ़ा दी है। इससे झारखंड में मनरेगा मजदूरों को अब प्रति दिन 282 रुपये मिलेंगे। केंद्र सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए मनरेगा में मजदूरी बढ़ाने से संबंधित गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार झारखंड के मनरेगा मजदूरों को अब प्रति दिन 255 रुपये की दर से भुगतान किया जायेगा। राज्य सरकार अपनी तरफ से भी मजदूरों को 27 रूपये देती है।

*******************

साहिबगंज जिले में चौकीदार नियुक्ति प्रक्रिया के तहत लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की आज से शारीरिक जांच और दौड़ प्रतियोगिता हुई। दौड़ के पहले दिन 226 अभ्यर्थी शामिल हुए, जिनमें 102 अभ्यर्थी सफल हुए। शारीरिक जांच परीक्षा की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से की गयी और वीडियोग्राफी भी करायी गयी।

*******************

झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने अपने केंद्रीय नेतृत्व के अनुसूचित जाति उप योजना और जनजातीय उप योजना के लिए क़ानून बनाने की मांग का समर्थन किया है। आज रांची स्थित कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस इस क़ानून के लिए केन्द्र सरकार पर दबाव बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

*******************

स्वास्थ्य और बेहतर स्वास्थ्य अभ्यासों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आज दुनिया भर में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस का विषय है स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य। हमारे संवाददाता ने बताया है कि केंद्र सरकार देश में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करके लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है।

*******************

स्वास्थ्य सुविधाओं के उच्च मानकों में खूंटी जिले का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। पूर्व में खूंटी स्वास्थ्य विभाग को कायाकल्प पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। और जानकारी दे रही हैं हमारी संवाददाता।

********************

मौसम विभाग ने आज से 12 अप्रैल तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में गरज के साथ बारिश की संभावना जतायी है। आठ और नौ अप्रैल को राज्य के दक्षिणी, मध्य और उत्तर–पूर्वी भागों में तेज हवा के साथ वज्रपात की संभावना है। बारिश के कारण अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है।

*******समाप्त*************